# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

## रेसीडेंसी क्षेत्र - इंदौर

## शुद्धिपत्र क्रमांक 04/07/2017, दिनांक 25.01.2018

## सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2017

ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि **14.02.2018**

01 आयोग द्वारा उच्च शिक्षा विभाग , मध्य प्रदेश शासन हेतु विभिन्न विषयों के सहायक प्राध्यापकों के पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन क्रमांक 07/2017, दिनांक 12.12.2017 आयोग की वेबसाइट तथा **"रोजगार और निर्माण"** समाचार पत्र के दिनांक 18.12.2017 के अंक में प्रकाशित किया गया है।

02 उक्त विज्ञापन में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है:-

**सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2014 के पात्र अभ्यर्थियों के संदर्भ में:-**

(मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग का आदेश क्रमांक एफ 1-118/201/38-1, दिनांक 25.01.2018)

माननीय उच्चतम न्यायालय के द्वारा SLP(C) No- 023565-023568/2016 एवं SLP(C) No-18244/2016 में दिये गए आदेश दिनांक 25.08.2017 के अनुपालन में:-

"मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा लोक सेवा आयोग के माध्यम से विज्ञापित विज्ञापन क्रमांक 01/परीक्षा/2014, दिनांक 09/07/2014 में जो प्रत्याशी सहायक प्राध्यापकों की सीधी भर्ती हेतु आयोजित परीक्षा मे सम्मिलित होने हेतु विभिन्न श्रेणियों में आयु के आधार पर पात्र थे, को सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2017 के इस विज्ञापन में भी उपरोक्त माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार आयु के आधार पर अपात्र नहीं माना जाएगा।"

03 विज्ञापन की शेष शर्तें पूर्ववत रहेगी।

**सचिव**